नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर

विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शनिवार से

वर्धा, 18 मार्च 2016: राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलूरु द्वारा प्रायोजित तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आयोजित उच्च शिक्षा में गुणवत्ता संवर्धन में समस्याएं एवं चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय (19 एवं 20 मार्च) राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन शनिवार को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में प्रात: 10.30 बजे होगा। इस अवसर पर प्रो. आनंद प्रकाश, शरदचंद्र बेहार, प्रो. रमाचरण त्रिपाठी, प्रो. सी. जी. पांडे, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र तथा गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. शोभा पालीवाल प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे।

संगोष्ठी का प्रथम सत्र दोपहर 3.00 बजे से उच्च शिक्षा का भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य विषय पर होगा जिसकी अध्यक्षता डॉ. जीवन सिंह करेंगे। द्वितीय सत्र प्रशासन प्रबंधन : नेतृत्व तथा स्वायत्तता के प्रश्न पर होगा जिसकी अध्यक्षता डॉ. रमेश दवे करेंगे। सायं 7.15 बजे से हबीब तनवीर सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

20 मार्च को प्रात: 10 बजे से शोध की गुणवत्ता : दशा तथा दिशा पर विमर्श होगा जिसकी अध्यक्षता प्रो. आनंद प्रकाश करेंगे। 11.45 बजे से नवाचार की चुनौतियां और विकल्प पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता प्रो. अरबिंद कुमार झा करेंगे। संगोष्ठी का समापन दोपहर 3.30 बजे होगा। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर पर प्रो. रमाचरण त्रिपाठी, प्रो. आनंद प्रकाश, प्रो. प्रफुल्ल काले, डॉ. शोभा पालीवाल मंचासीन होंगे।